# मांगलिक कार्यक्रम में जा रहा लोगों से भरा ट्रक पलटा, 30 से अधिक घायल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के खालवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ग्रामीणों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा सुंदरदेव और आदाखेड़ा जंगल के बीच हुआ, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खकनार क्षेत्र के एक गांव से खालवा के समीप स्थित चुनाखाल गांव की ओर जा रहा था। ट्रक में करीब 100 से 150 लोग सवार बताए जा रहे हैं, जो एक पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में 25 से 30 लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं।



राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को ट्रक से बाहर निकाला गया।

मौके पर पहुंचीं एंबुलेंस और डायल-112 टीमेंघटना के बाद मौके पर आधा दर्जन एंबुलेंस और आधा दर्जन डायल-112 वाहन तैनात किए गए। तहसीलदार विनोद कुमार यादव भी घटनास्थल पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। घायलों को लगातार खालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य अस्पतालों में भेजा जा रहा है।

### घायलों की प्रारंभिक सूची

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायलों में निम्न नाम शामिल हैं- नटेख पिता कोटिया, उम्र 50 वर्ष, निर्मियाबाई पति रविजन, उम्र 55 वर्ष, विवाहनी पिता पिपु, उम्र 10 वर्ष, अक्षरा पिता कसलराम, उम्र 10 वर्ष , नंदु पिता प्याराम, उम्र 15 वर्ष, पामेद पिता सुका, उम्र 18 वर्ष, झुगन पिता छेल्या, उम्र 60 वर्ष, राकेश पिता संजू, उम्र 20 वर्ष, पिंकोबाई पति अमर, उम्र 52 वर्ष, पियुष पिता बंधुकर, उम्र 28 वर्ष।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। सभी घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक के पलटने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है और घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## मोहर्रम को लेकर ताजिया आयोजकों की बैठक

### 12 फीट से ऊंचे ताजियों और डीजे पर रोक

**खंडवा।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने शहर के ताजिया आयोजकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयोजकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि 12 फीट से अधिक ऊंचाई के ताजिए नहीं बनाए जाएंगे तथा ताजिया जुलूस में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल दो साउंड बॉक्स की अनुमति दी जाएगी ।प्रशासन ने प्रत्येक ताजिया समिति को अपने जुलूस के साथ कम से कम 20 स्वयंसेवक तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही ताजियों की रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और जिला शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया ।बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, कोतवाली, मोघट रोड और पदमनगर थाना प्रभारी, रामनगर एवं रामेश्वर चौकी प्रभारी सहित नगर निगम और विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी आयोजकों से मोहर्रम के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## जिले में 3 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की

**खण्डवा ।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 3.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में नया हरसूद तहसील में 6 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 10 मिमीतथा खालवा तहसील में 1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि खण्डवा और पंधाना तहसील में पिछले 24 घंटे में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 5 जून तक 7.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 7.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरसूद तहसील में 14 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 20 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 4 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। खण्डवा और पंधाना तहसील में इस वर्ष अभी तक कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है।

## गौवंश वध प्रकरण में आरोपी रमजान खान पर रासुका, जेल में निरुद्ध रखने के आदेश



**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने ग्राम बड़ियातुला निवासी 40 वर्षीय रमजान खान को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जिला जेल खंडवा में निरुद्ध रखने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई इस कार्रवाई में बताया गया है कि आरोपी बकरीद के दौरान गौवंश वध से संबंधित कृत्य में शामिल पाया गया था। प्रशासन का मानना है कि उसकी गतिविधियां लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए प्रतिकूल हो सकती हैं ।प्रशासन के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हैं। इन्हीं तथ्यों को आधार बनाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उसे जिला जेल खंडवा में वर्ग 'सी' में निरुद्ध रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

## खेड़ी में सृजन आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

**खंडवा।** मध्य प्रदेश पुलिस एवं उदय सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम खेड़ी में सृजन किशोर आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 305 बालक-बालिकाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर एसडीओपी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, डीएसपी अनिल कुमार चौहान, महिला थाना प्रभारी, थाना प्रभारी हरसूद, बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा कि सृजन कार्यक्रम बच्चों और किशोरों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, आत्मरक्षा कौशल तथा सामाजिक जागरूकता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

# अवैध निर्माण और धोखाधड़ी मामले में नगर निगम ने झंवर बंधुओं को थमाया नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नगर पालिक निगम खंडवा ने शहर के पंडित रामनारायण उपाध्याय वार्ड क्रमांक 43 स्थित श्री राम मंदिर गली की एक संपत्ति में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर भवन स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई संदीप कुमार राठी द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष जनसुनवाई के माध्यम से की गई शिकायत की जांच के बाद की गई है।

नगर निगम की सहायक आयुक्त एवं जांच समिति अध्यक्ष प्रिया मैडा द्वारा 15 मई 2026 को जारी इस नोटिस में तरुण झंवर, धर्मेंद्र झंवर, भारत झंवर और प्रमोद झंवर को आरोपी बनाया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट में सामने आया है कि भवन स्वामियों ने स्वीकृत नक्शे के विपरीत जाकर अवैध निर्माण किया है।

इसके साथ ही उन्होंने आवासीय भवन की अनुमति लेकर नियमों के विरुद्ध उसे फ्लैटों में बदल



दिया और धोखाधड़ी पूर्वक उनका विक्रय भी कर दिया। जांच में यह भी पाया गया कि नियमों को ताक पर रखकर भवन के भूतल का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है और वहां पार्किंग व रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे अनिवार्य प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया है। नगर निगम ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए सभी संबंधित पक्षों को नोटिस मिलने के 7 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

तय समय सीमा में जवाब न मिलने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं भवन स्वामियों की होगी।

## ओंकारेश्वर की व्यवस्थाओं पर सियासत गरम

### विधायक के बयान पर कांग्रेस का हमला

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा विधायक नारायण पटेल के बयान के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है। विधायक ने हाल ही में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा था कि ओंकारेश्वर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए किसी बड़े शहर, विशेष रूप से इंदौर, को इसे गोद लेना चाहिए। उनका तर्क था कि नगर परिषद के पास सीमित संसाधन हैं, जिसके कारण बढ़ती श्रद्धालु संख्या के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने में कठिनाई आ रही है। विधायक के इस बयान को कांग्रेस ने सरकार की विफलता से जोड़ते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने वीडियो जारी कर कहा कि प्रदेश, जिला और स्थानीय निकाय में भाजपा की सरकार होने के बावजूद यदि ओंकारेश्वर की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं हैं तो यह ट्रिपल इंजन सरकार की नाकामी को दर्शाता है। सरकार धार्मिक नगरी की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि




ओंकारेश्वर में लंबे समय से सीवेज का गंदा पानी नर्मदा नदी में मिलने, सफाई व्यवस्था कमजोर रहने, पार्किंग, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े मुद्दे बने हुए हैं। बावजूद इसके प्रशासन और सरकार इन समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठा पाए हैं।

उत्तमपाल सिंह ने कहा कि संसाधनों की कमी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि सरकार चाहे तो विशेष बजट और योजनाओं के माध्यम से ओंकारेश्वर का समुचित विकास किया जा सकता है ।वहीं विधायक के बयान के बाद सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। कई लोग इसे प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्थागत खामियों से जोड़कर देख रहे हैं। ऐसे में ओंकारेश्वर की व्यवस्थाओं का मुद्दा अब प्रशासनिक दायरे से निकलकर राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम खंडवा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरचनाओं की परिक्रमा और पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर अमृता अमर यादव ने की। महापौर अमृता यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ती आबादी और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अपने बच्चे की तरह करे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिलौद्यान परिसर में 100 पौधों का प्रतीकात्मक रोपण किया गया। इसके बाद जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर की प्रमुख जल संरचनाओं की परिक्रमा की गई। द्वितीय चरण में नमो वन परिसर में 400 पौधों का प्रतीकात्मक रोपण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नमो वन क्षेत्र में कुल 1 लाख 23 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे वर्षा ऋतु में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर शिल्पा चौहान, जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा, नगर निगम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और हरित खंडवा के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।



## कलेक्टर ने छात्रों के साथ बनाई सीड बॉल

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्थानीय मोतीलाल नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ सीड बॉल बनाकर उन्हें पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। कलेक्टर ने छात्रों को सीड बॉल बनाने की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि गीली मिट्टी और गोबर से बनी छोटी गेंदों में बीज डालकर तैयार की गई सीड बॉल को बारिश के दौरान पहाड़ियों, नदी-नालों और खाली स्थानों पर फेंकने से पौधे आसानी से अंकुरित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य बीजारोपण में बीज बह जाने या पक्षियों द्वारा खा लिए जाने की संभावना रहती है, जबकि सीड बॉल इस समस्या का प्रभावी समाधान है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बढ़ती आबादी और जंगलों की कटाई से पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी को निर्देश दिए कि स्कूल खुलने पर प्रत्येक विद्यार्थी से 50-50 सीड बॉल तैयार करवाई जाएं, जिनका उपयोग बारिश के मौसम में पौधरोपण के लिए किया जा सके। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे, जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर हवन-पूजन और गौसेवा का आयोजन

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी आदित्य नाथ के जन्मदिवस पर खंडवा में धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं गौसेवा कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। मीडिया प्रभारी अमित राठौर ने बताया कि धार्मिक आयोजन में धूनी वाले दादा जी महाराज के चरणों में हवन-पूजन किया गया। साथ ही गौ माता को गौग्रास अर्पित कर गौसेवा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, गौसंरक्षण और राष्ट्रहित के मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया। प्रदेश कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष परदेशी ने बताया कि कार्यक्रम में अमित गुप्ता, डॉ अमित गौर, लोकेश, अशोक हरजपाल, कमल वंशेले, लीलाधर लेवारिकर, जितेंद्र दावड़ा, अनिल राठौर और सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र कल्याण, धर्म रक्षा, गौसंरक्षण और सामाजिक सद्भावना की कामना के साथ हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को समाज तक पहुंचाने और सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।




# रेलवे जीएम के साथ बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उठाए क्षेत्रीय रेल मुद्दे

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** रतलाम रेल मंडल कार्यालय में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने खंडवा-ओंकारेश्वर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण रेल प्रोजेक्ट्स और यात्री सुविधाओं के मुद्दे प्रमुखता से उठाए। बैठक में डीआरएम अश्विन कुमार सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद पाटिल ने ओंकारेश्वर-महू गेज कन्वर्जन कार्य को तेजी से पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि परियोजना में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने चोरल घाट में प्रस्तावित टनल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तथा भविष्य की जरूरतों को देखते हुए टनल को दोहरी रेल लाइन के अनुरूप विकसित करने का सुझाव दिया। बैठक में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग स्टेशन के शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कर लोकार्पण कराने की मांग भी रखी गई। रेलवे महाप्रबंधक ने अगस्त तक कार्य पूरा होने की जानकारी दी। सांसद ने खंडवा की लाल चौकी रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में भविष्य की समस्याओं को देखते हुए रेल लाइन को मथेला



मार्ग से डायवर्ट करने तथा महू-खंडवा दोहरीकरण सर्वे की शुरुआत खंडवा से करने का सुझाव दिया। इसके अलावा ओंकारेश्वर स्टेशन पर ट्रेनों में पानी भरने की सुविधा, लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर के लिए रनिंग रूम तथा खंडवा-आलीराजपुर रेल परियोजना की सर्वे रिपोर्ट शीघ्र रेलवे बोर्ड को भेजने की मांग भी की। बैठक में विभिन्न सांसदों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े रेल विकास कार्यों पर चर्चा की।

## बोरगांव चौकी में लावारिस वाहनों की नीलामी

**खंडवा।** जिले में पुलिस द्वारा पुराने मामलों में जप्त एवं लावारिस वाहनों के निराकरण की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में थाना पंधाना की बोरगांव चौकी में 25 पुलिस एक्ट के तहत जप्त 12 वाहनों की नीलामी कर शासन को 68 हजार 550 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। नीलामी प्रक्रिया पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम की मौजूदगी में चौकी परिसर में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सुश्री दीपाली, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अविनाश भोपले सहित तहसील कार्यालय एवं पुलिस चौकी बोरगांव का स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुराने प्रकरणों में जप्त वाहनों के निराकरण और अन्य लंबित जप्त संपत्तियों के निस्तारण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**तबादला** — थानों और चौकियों में बदला स्टाफ

# खंडवा पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल : 164 पुलिसकर्मियों के तबादले

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शुक्रवार को एक साथ 164 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। आदेश के बाद जिले के अधिकांश थानों, चौकियों और शाखाओं का स्टाफ पुनर्गठित हो गया है।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता, कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा विभिन्न इकाइयों में रिक्त पदों की पूर्ति के दृष्टिगत किए गए हैं। आदेश को प्रभारी मंत्री की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद लागू किया गया है।

**सूबेदार से आरक्षक तक प्रभावित**-तबादला सूची में सूबेदार, कार्यवाहक उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। सूची के अनुसार यातायात शाखा, कोतवाली, मोघट रोड, धनगांव, छैगांवमाखन, मांधाता, हरसूद, खालवा, पंधाना, मूंदी, जावर, देशगांव, किल्लोद, रोशनी सहित विभिन्न थानों एवं चौकियों में बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं।

**प्रमुख तबादले**-जारी आदेश के अनुसार सूबेदार नितिन निगवाल को यातायात शाखा से उप पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय भेजा गया है। वहीं मोघट रोड थाना में पदस्थ कार्यवाहक उपनिरीक्षक जॉन बारिया को धनगांव तथा उपनिरीक्षक भीमसिंह मंडलोई को छैगांवमाखन थाना पदस्थ किया गया है।

इसके अलावा बीड़, पुनासा, मोर्टक्का, रामनगर, बोरगांव, देशगांव सहित अन्य चौकियों में भी व्यापक स्तर पर कर्मचारियों की नई पदस्थापना की गई है।

**अंतिम क्रमांक तक तबादले**-तबादला सूची में कुल 164 नाम शामिल हैं। सूची के अंतिम क्रमांक पर हाईवे चौकी मोर्टक्का में पदस्थ आरक्षक सोनू राजौरिया को कोतवाली तथा आरक्षक कर्णपाल को उप पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

**तत्काल प्रभाव से लागू**-एसपी अगम जैन के हस्ताक्षर से जारी आदेश की प्रतिलिपि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त राजपत्रित अधिकारियों, रक्षित निरीक्षक, थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित कंट्रोल रूम को भेजी गई है।

सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग में हुए इस व्यापक फेरबदल को जिले की कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।